अनुक्रमांक.................................

नाम...........................................

मुद्रित पृष्ठों की संख्या: 6

# 140 334

## 2025

## चित्रकला (आलेखन)

समय : तीन घण्टे 15 मिनट] [ पूर्णांक: 100

निर्देश :

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) तीनों खण्डों के प्रश्न अनिवार्य हैं। खण्ड (क) में वस्तुनिष्ठ प्रश्न, खण्ड (ख) में आलेखन और खण्ड (ग) में से किसी एक का चित्र बनाना है।

(iii) आलेखन में इकाइयों को कम-से-कम दो अथवा तीन आवृत्तियों में बनाइए। स्केच पेन का प्रयोग वर्जित है।

(iv) खण्ड (ग) में से किसी एक का ही चित्र बनाना है। सभी के अंक समान हैं - वस्तु- चित्रण अथवा प्रकृति-चित्रण अथवा स्मृति-चित्रण अथवा प्राकृतिक दृश्य-चित्रण।

(v) ड्राइंग शीट के ऊपरी दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में स्पष्ट लिखिए तथा कक्ष निरीक्षक से उस पर हस्ताक्षर भी कराइए।

(vi) दिये गये पारदर्शी कागज (tracing paper) पर भी अपना अनुक्रमांक लिखिए और उसे उत्तर पत्र के साथ संलगन कीजिए।

### खण्ड 'क' : वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Type Questions) 10 अंक

1. निम्नलिखित प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के चार विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिए और उत्तर-पुस्तिका में क्रमानुसार स्पष्ट लिखिए -

(i) निम्न में से तटस्थ रंग कौन से हैं

(अ) सफेद एवं काला (ब) लाल एवं काला

(स) सफेद एवं नीला (द) नीला एवं पीला।

modelpaper.info

(ii) इन्द्रधनुष का पाँचवाँ रंग कौन-सा है?

(अ) हरा (ब) बैंगनी (स) पीला (द) नारंगी।

(iii) कांगड़ा शैली का संरक्षक कौन था ?

(अ) महाराजा संसारचन्द (ब) पृथ्वीचन्द

(स) रंजीत सिंह (द) इनमें से कोई नहीं।

(iv) पेस्टल रंगों की विशेषता क्या है?

(अ) चमकीले (ब) धुंधले (स) अस्थाई (द) स्थाई।

(v) मधुबनी चित्रकला भारत के किस राज्य से सम्बन्धित है ?

(अ) पश्चिम बंगाल (ब) राजस्थान

(स) बिहार (द) उत्तर प्रदेश

(vi) जलरंग का चित्र बनाते समय फिनिशिंग में आप किस ब्रश का प्रयोग करेंगे ?

(अ) हॉग हेयर गोल ब्रश (ब) सेबल हेयर फ्लैट ब्रश

(स) हॉग हेयर फ्लैट ब्रश (द) सेबल हेयर गोल ब्रश।

(vii) अजन्ता गुफाओं के चित्र किस धर्म से प्रभावित हैं ?

(अ) जैन धर्म (ब) वैष्णव धर्म (स) बौद्ध धर्म (द) मुगल (मुस्लिम)।

(viii) कौन सी पेन्सिल से बनाई गई रेखा सबसे अधिक काली होगी ?

(अ) एचबी (HB) (ब) 2 बी (2B)

(स) 2 एच (2H) (द) 6 बी (6B)

(ix) वस्त्र पर डिज़ाइन किस रंग माध्यम से बनाना उचित होगा

(अ) ) तैल रंग (ब) पोस्टर रंग

(स) एक्रेलिक रंग (द) इनमें से कोई नहीं।

modelpaper.info

(x) भारतीय चित्रकला के षडाग के 'वर्णिका भग का सम्बन्ध निम्न में से किससे है

(अ) रेखा (ब) वृत्त (स) रंग (द) अनुपात।

## खण्ड 'ख' : आलेखन (Design) (अनिवार्य) 60 अंक

2. बिस्तर की चादर के उपयुक्त एक मौलिक आलेखन की रचना कीजिए। इसकी माप 24 सेमी x 14 सेमी हो। आलेखन के आंतरिक अंतराल को आकर्षक भागों में विभाजित करते हुए यथास्थान किसी पशु अथवा पक्षी का समावेश करें। आलेखन में कमल पुष्प, पत्तियों तथा कलियों का प्रयोग करें। आलेखन प्राकृतिक अथवा आलंकारिक हो सकता है। रंगों में उत्तम संगति दर्शाते हुए आलेखन को केवल तीन रंगों में पूर्ण कीजिये। रंग व्यवस्था आकर्षक एवं नेत्र रंजक हो।

अथवा

20 सेमी व्यास वाले एक वृत्त में मेजपोश के मध्य के लिये एक सुन्दर आलेखन की रचना कीजिए जो सूरजमुखी के फूल-पत्तियों तथा कलियों पर आधारित हो। आलेखन के आंतरिक अंतराल को आकर्षक भागों में विभाजित करें एवं यथास्थान किसी मनमोहक तितली अथवा हिरन का समावेश करें। रंगों की उत्तम संगति दर्शाते हुए आलेखन को केवल तीन रंगों से पूर्ण कीजिए। रंग व्यवस्था आकर्षक एवं चमकदार होनी चाहिये।

निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए-

(क) इकाइयों की मौलिकता एवं पुनरावृत्ति। 12

(ख) लयात्मक रेखांकन। 12

(ग) उत्तम संगति एवं रंग योजना। 24

(घ) सामान्य प्रभाव एवं आकर्षण। 12

modelpaper.info

## खण्ड 'ग'

किसी एक का चित्र बनाना है।

**वस्तु-चित्रण** 30 अंक

3. ह्वाटमैन (हैण्डमेड) पेपर, कार्ट्रिज पेपर, पेस्टल कागज अथवा आयल स्केचिंग पेपर पर अपने सामने रखी हुई वस्तुओं के समूह का चित्रण कीजिए तथा इसे तैल रंग, जलरंग, पोस्टर रंग, पेस्टल रंग तथा आयल-पेस्टल द्वारा चित्रित कीजिए। चित्र 20 सेमी से छोटा न हो। वस्तु समूह के साथ पृष्ठभूमि के अन्तर्गत वस्त्रविन्यास (Drapery) तथा अग्र-भूमि का उचित चित्रण कीजिए।

वस्तुओं के समूह का चित्रण करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखिए :

(क) वस्तुओं का उचित आकार तथा उनका उचित अनुपात। 10

(ख) रंग योजना में वस्तुओं के वास्तविक रंग की समीपता को ध्यान में रखते हुए सही छाया, एवं प्रतिच्छाया का अंकन। एवं प्रतिच्छाया का अंकन। 15

(ग) वस्तु संयोजन। 05

अथवा

**प्रकृति-चित्रण** 30 अंक

केन्द्र द्वारा दिये गये ड्रांइग कागज पर अपने सामने रखे हुए पुष्प पौधे में से कम से कम एक पुष्प, ए कली, तीन-चार पत्तियों एवं पौधे की टहनी का प्राकृतिक चित्रण इस प्रकार करें कि उसमें टहनियों क निकास कोण, रंग एवं रेशे उचित ढंग से चित्रित हुए दिखाई दें। चित्र को जन-रंगों द्वारा पूर्ण कीजिए। प्रकृति चित्रण स्मृति से न बनाएँ। चित्र का आकार 20 सेमी से कम न ही। पुष्प की ताज़गी एवं रंग और पत्तियों के एवं कलियों के रंग प्राकृतिक रूप से हुबहु दिखाने का प्रयाम कीजिए।

modelpaper.info

निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखिए-

(क) पौधे का उचित आकार एवं प्राकृतिक रूप विन्यास। 10

(ख) पारदर्शी एवं आकर्षक रंग योजना। 15

(ग) प्राकृतिक सौष्ठव एवं निकास कोण। 05

अथवा

स्मृति-चित्रण 30 अंक

दिये गये ड्राइंग शीट पर अपनी स्मृति से निम्नलिखित में से किसी एक का छाया, प्रकाश तथा प्रतिच्छाया युक्त चित्र पेन्सिल (एच बी, 1 बी, 2बी, उबी) अथवा चारकोल से बनाइये। चित्र की माप लगभग 15 सेमी हो।

(i) बत्तख

(ii) पपीता प्लेट में

(iii) कुल्हाड़ी

(iv) लालटेन।

अथवा

प्राकृतिक दृश्य-चित्रण 30 अंक

दिये गये ड्राइंग शीट पर 20 सेमी x 15 सेमी के आयत में निम्नलिखित में से किसी एक का दृश्य- चित्रण तैयार कीजिए।

चित्रांकन का माध्यम जलरंग, पोस्टर रंग अथवा अन्य कोई माध्यम हो सकता है। दृश्य-चित्रण के माध्यम का चुनाव एवं संयोजन सुन्दर एवं आकर्षक होना चाहिये।

modelpaper.info

(i) मन्दिर की ओर जाती एक स्त्री।

(ii) नदी किनारे कपड़े धोती स्त्री ।

(iii) पहाड़ों के पीछे सूर्योदय का दृश्य ।

(iv) बर्फ से ढकी पहाड़ियों का दृश्य चित्र।

चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों पर विशेष ध्यान दीजिए-

(क) सही दृश्यांकन एवं परिप्रेक्ष्य 10

(ख) उपयुक्त संयोजन 05

(ग) सुसंगत रंगों का चयन एवं प्रयोग 10

(घ) वातावरण का सही चित्रांकन। 05

modelpaper.info